<u>ई मेल/अति महत्वपूर्ण</u>

# मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

महानगर, लखनऊ–226006

पत्रांकःटीएस–सीसीटीएनएस–81/2012(SOLAR.S.10KV) दिनांकःदिसम्बर 18, 2018

सेवा में,

1. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, जनपद उत्तर प्रदेश।
2. समस्त जोन कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।
3. समस्त परिक्षेत्र कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।
4. समस्त जनपद कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।

**विषयः–** **प्रदेश में 900 थानों के लिए तीन चरणों के सापेक्ष प्रथम चरण हेतु 300 थानों पर 300 अदद 10 किलोवाट के सोलर सिस्टम उ0प्र0पुलिस मुख्यालय द्वारा अधिष्ठापित करवाये जाने के सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप में सूचना उपलब्ध कराये जाने विषयक।**

**सन्दर्भः–**

1. समांक पत्र दिनांकित 5.7.2018, 11.7.2018, 15.10.2018, 3.12.2018, 4.12.2018, 13.12.2018
2. उ.प्र.पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज का पत्रांक आधु0 सेल–181–2018 दिनांक 16.6.2018, 5.12.2018
3. उ.प्र. नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) सचिव एवं मुख्य परियोजना अधिकारी का पत्रांक 4434/यूपीनेडा–सोलर पावर प्लाण्ट/जनरल प्रस्ताव/2018–152 दिनांक 3.11.2018, 4492/यूपीनेडा –सोलर पा.प्ला./पु.था./2018 दिनांक 05.12.2018, पत्रांक 4493/यूपीनेडा–सोलर पा. प्ला./पु.था./2018 दिनांक 12.12.2018,

ज्ञातव्य हो कि उपरोक्त सन्दर्भ व विषयक के कम में अवगत कराना है कि सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में "**स्टेट इम्पावर्ड कमेटी** (SEC)" की बैठक दिनांक 22–12–2017 के अनुपालन में प्रदेश के थानों पर सोलर सिस्टम स्थापित कराये जाने हैं। जिससे सीसीटीएनएस के कम्प्यूटर को निर्बाध रूप से संचालित करने में मदद मिल सके।

2. उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में निर्देशानुसार अनुरोध है कि **थाने पर स्थान का चयन किये जाने हेतु यह ध्यान रखा जाय कि उन सुदूर थानों में विद्युत व्यवस्था पर्याप्त नहीं है एवं उनके छतों पर 100 वर्गमीटर छाया रहित (SHADOW FREE) छत उपलब्ध है। साथ ही वहॉ बैटरी बैंक एवं अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों की स्थापना हेतु कक्ष भी उपलब्ध है। प्रथम चरण में 300 थानों पर 300 अदद प्रत्येक थाने पर 10 किलोवाट के सोलर सिस्टम लगाये जाने हेतु निर्धारित प्रारूप में सूचना तत्काल** इस मुख्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा करें:–

| कम | जनपद का नाम | सोलर सिस्टम हेतु प्रस्तावित थानें का नाम | सम्पर्क अधिकारी नाम व पद नाम | फोन/मोबाइल नम्बर | ईमेल आई0डी0 | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

3. अतः वॉछित प्रारूप में सूचना थानावार जनपदवार कोर्डिनेटर (कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए) के माध्यम से Microsoft Excel फार्मेट में तैयार कर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त परिक्षेत्र कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) परिक्षेत्र स्तर की संकलित कराते हुए इस मुख्यालय को Email ID-tshq@nic.in पर **SUBJECT -"300 SOLAR SYSTEM 10KV"** में ही अंकित करते हुए Microsoft Excel फार्मेट में **15.12.2108 तक** अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ के पत्र द्वारा **अपेक्षा की गयी थी, उपरोक्त कम अभी तक उपलब्ध नहीं करायी गयी सूचना को निर्देशानुसार सर्वोच्च प्राथमिकता पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।**

13/12

( सुशील कुमार गंगा प्रसाद )
पुलिस उपाधीक्षक
निमित्त अपर पुलिस महानिदेशक,
उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव, गृह पुलिस अनुभाग–7, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को शासनादेश संख्या 1618/6–पु0–7–2018–49/2017 दिनांक 16.11.2018
2. अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज।
3. समस्त अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक, जोन, उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित है कि आपके अधीनस्थ परिक्षेत्र के माध्यम से संकलित सूचना इस मुख्यालय को उपलब्ध कराये जाने के लिए निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. संयुक्त सचिव, अतिरिक्त उर्जा स्रोत विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
5. सचिव एवं मुख्य परियोजना अधिकारी, उ.प्र. नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
6. श्री अजय कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–सी, हार्डवेयर/हेल्पडेस्क उ0प्र0पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ को वॉछित सूचना एक सप्ताह में अनुश्रवण करते हुए दूरभाष/ई–मेल व अन्य उपलब्ध माध्यमों का उपयोग कर प्राप्त किये जाने, सूचना संकलित कर हार्ड व साफ्ट कॉपी में अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें, उ0प्र0,लखनऊ को प्रस्तुत करते हुए पूर्ण स्थिति से अवगत करायें।
7. श्री राजेन्द्र शर्मा प्रोग्रामर ग्रेड–2, प्रभारी सीसीटीएनएस जनपदों से वॉछित सूचना निर्धारित प्रारूप में संकलित एवं निर्धारित अवधि में सूचना अधोहस्ताक्षरी को अवलोकित कराना सुनिश्चित करें।
8. दिग्विजय, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए, उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि समस्त कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए को क्यूमेल के माध्यम से प्रेषित किये जाने व अभिलेखार्थ रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने हेतु।
9. प्रभारी ईमेल को पत्र मेल व वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

निर्गत
दि. 18-12-18

TS-CCTNS-81(2012) (VII) 10 KVA solar system